HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर   दिनांक 15.03.2023

नवागंतुक पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा पत्रकारों के साथ की गई प्रेस वार्ता कर, परिचय प्राप्त कर अपनी प्राथमिकताओं से अवगत कराया:-

आज दिनाँक 15.03.2023 को नवागंतुक पुलिस अधीक्षक हमीरपुर महोदया श्रीमती डॉ0 दीक्षा शर्मा द्वारा पुलिस लाइन हमीरपुर में जनपद के पत्रकारो के साथ परिचयात्मक बैठक की गई, उपस्थित समस्त पत्रकारों से परिचय प्राप्त कर स्वयं के बारे में जानकारी दी गई, महोदया द्वारा कहा गया कि हर पीड़ित को न्याय दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता है, फरियादियों की समस्याओं का शत-प्रतिशत व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएगा एवं जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा साथ ही उपस्थित पत्रकारों से पुलिस/प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई, इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सदर व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी तथा प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।